भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3000

06 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम

+3000.डॉ. हेमांग जोशीः

श्री प्रदीप कुमार सिंहः

श्री अरुण गोविलः

श्री जनार्दन मिश्राः

श्री मनीष जायसवालः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के अंतर्गत प्राप्त की गई उपलब्धियों का विशेषकर फरवरी, 2026 में 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के पूर्ण रूप से चालू होने के पश्चात का ब्यौरा क्या है;

(ख) यात्रियों की निर्बाध गतिशीलता को सुलभ बनाने के लिए मौजूदा मेट्रो नेटवर्क और बस टर्मिनलों के साथ मल्टीमॉडल कन्वर्जेंस की रूपरेखा सहित वर्तमान यात्रियों की संख्या कितनी है और समय की पाबंदी मानकों का ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान स्थिति और उसके बाद के पहले चरण के गलियारों के लिए अनुमानित रूपरेखा का ब्यौरा क्या है और अंतर-प्रचालनीय क्षेत्रीय संपर्क सुनिश्चित करने के लिए जेवर विमानपत्तन से प्रस्तावित लिंकेज क्या है; और

(घ) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) द्वारा पारगमनोन्मुखी विकास को बढ़ावा देने, नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को एकीकृत करने और सीमांत वर्गों के लिए समावेशी किराया संरचना प्रदान करने के लिए कार्यान्वित किए गए विशिष्ट कार्यकलापों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क): भारत का पहला **82.15** किलोमीटर लंबा नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर अर्थात् दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर (जिसमें समान

इन्फ्रास्ट्रक्चर पर विकसित **23** कि.मी. लंबा मेरठ मेट्रो नेटवर्क भी शामिल है**)** फरवरी**, 2026** से पूरी तरह से चालू हो गया है।

(ख**):** नमो भारत आरआरटीएस की कार्यान्वयन एजेंसी, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लिमिटेड (एनसीआरटीसी) ने सूचित किया है कि परिचालन शुरू होने से अब तक**, 3.8** करोड़ से अधिक यात्रियों ने नमो भारत सेवाओं का लाभ उठाया है तथा इसकी समयपालन दर **99** प्रतिशत से अधिक रही है। इसके अतिरिक्त**,** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत आरआरटीएस कॉरिडोर पर **03** मेट्रो लाइनों**, 02** रेलवे स्टेशनों और **04** बस टर्मिनलों के साथ प्रभावी मल्टी-मॉडल एकीकरण स्थापित किया गया है**,** जो यूनिफाइड ट्रैफिक एंड ट्रांसपोर्टेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर (प्लानिंग एंड ईंजीनियरिंग**)** केंद्र**,** डीडीए द्वारा उल्लिखित दिशानिर्देशों के अनुरूप है।

(ग): चरण-**I** में**,** तीन नमो भारत आरआरटीएस कॉरिडोरों को प्राथमिकता दी गई है**, (i)** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ**, (ii)** दिल्ली-गुरुग्राम-अलवर और **(iii)** दिल्ली-पानीपत। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत आरआरटीएस कॉरिडोर फरवरी**, 2026** से पूरी तरह से चालू है। इसके अतिरिक्त**,** एनसीआरटीसी ने दिल्ली से करनाल**,** दिल्ली से बावल**,** बावल से बहरोड़ और गाजियाबाद से नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक नमो भारत आरआरटीएस कॉरीडोर के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत की है। नमो भारत आरआरटीएस परियोजनाएं अत्यधिक लागत वाली परियोजनाएं हैं और इसलिए इनका केंद्र सरकार के विभिन्न स्तरों पर गहन परीक्षण किया जाता है। इन परीक्षणों के बाद**,** केंद्र सरकार प्रस्ताव की व्यवहार्यता तथा संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर आरआरटीएस परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता पर विचार करती है।

(घ): एनसीआरटीसी ने सूचित किया है कि उसने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत आरआरटीएस कॉरिडोर में कई विशिष्ट उपायों को कार्यान्वित किया है**,** जैसे**, (i)** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ के टीओडी क्षेत्रों का परिसीमन किया गया है तथा टीओडी हेतु विशेष क्षेत्रों सहित उन्हें गाजियाबाद एवं मेरठ के मास्टर प्लानों में अधिसूचित किया गया है**; (ii)** दिल्ली टीओडी नीति**, 2021** के तहत**,** एनसीआरटीसी ने जंगपुरा और सराय काले खां में टीओडी नोड्स के लिए प्रभाव क्षेत्र योजनाएँ **(**आईजेडपी**)** तैयार की हैं। इसके अतिरिक्त**,** दिल्ली टीओडी नीति**, 2026** के प्रावधानों के अनुसार**,** दिल्ली में किसी भी नए आरआरटीएस कॉरिडोर पर स्वचालित रूप से टीओडी के तहत विचार किया जाएगा। एनसीआरटीसी ने यह भी सूचित किया है कि हरित ऊर्जा का दोहन करने के लिए **7.8** मेगावाट की संचयी रूफटॉप सौर क्षमता सफलतापूर्वक स्थापित की गई है। किराया संरचना के संबंध में**,** एनसीआरटीसी ने सूचित किया है कि सभी यात्रियों को मूल किराए पर **35%** की छूट प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त**,** एनसीआरटीसी ने लॉयल्टी पॉइंट्स की अवधारणा भी पेश की है**,** जिन्हें यात्री आरआरटीएस नेटवर्क पर यात्रा करने के दौरान अर्जित करते हैं तथा जिनका उपयोग छूट का लाभ उठाने के लिए किया जाता है।

*****